भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1928

02 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

छत्तीसगढ़ में एम्स की स्थापना

1928. श्री चिन्तामणि महाराज:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या छत्तीसगढ़ के सरगुजा संसदीय क्षेत्र में एम्स की आवश्यकता महसूस की जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या अंबिकापुर से रायपुर, बनारस, रांची की दूरी 300 किलोमीटर से अधिक होने के कारण उक्त क्षेत्रों के लोगों को सर्वोत्तम चिकित्सा का लाभ नहीं मिल पा रहा है और यदि हां, तो राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त जनजातीय क्षेत्र में एम्स की स्थापना उक्त जनजातीय क्षेत्र और झारखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित कई अन्य राज्यों के लोगों के लिए वरदान साबित होगी और यदि हां, तो राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या एम्स विस्तार के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आवश्यक 100 एकड़ से अधिक भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिए जाने के बाद क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा नया एम्स खोले जाने की कोई संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार सरगुजा संसदीय क्षेत्र में एम्स स्थापित करने का विचार रखती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ङ): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत अब तक 22 नए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना और मौजूदा सरकारी मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों (जीएमसीआई) के उन्नयन की 75 परियोजनाओं को स्वीकृती दी गई है, जिनमें एम्स, रायपुर और छत्तीसगढ़ राज्य में सरकारी मेडिकल कॉलेज, बिलासपुर और सरकारी मेडिकल कॉलेज, जगदलपुर का

उन्नयन शामिल है। बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्यों में अनुमोदित नए एम्स और जीएमसीआई उन्नयन परियोजनाओं की सूची **अनुलग्नक में दी गई है।**

इसके अतिरिक्त, छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने नवा रायपुर में स्थित 204771.12 वर्ग मीटर भूमि एम्स रायपुर को इसके विस्तार के लिए आबंटित की है।

दिनांक 02.08.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1928 के उत्तर के भाग (क) से (ङ) में उल्लिखित अनुलग्नक।

अनुलग्नक

पीएमएसएसवाई के तहत उन्नयन के लिए अनुमोदित सरकारी मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों (जीएमसीआई)

राज्य	एम्स का नाम		**जीएमसी का नाम**
बिहार	एम्स पटना	1	श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज, मुजफ्फरपुर
	एम्स दरभंगा	2	सरकारी मेडिकल कॉलेज, दरभंगा
		3	पटना मेडिकल कॉलेज एंव अस्पताल, पटना
		4	सरकारी मेडिकल कॉलेज, भागलपुर
		5	सरकारी मेडिकल कॉलेज, गया
		6	आईजीआईएमएस, पटना
छत्तीसगढ़	एम्स रायपुर	1	सरकारी मेडिकल कॉलेज, बिलासपुर
		2	सरकारी मेडिकल कॉलेज, जगदलपुर
झारखंड	एम्स देवघर	1	राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आरआईएमएस), रांची
		2	पाटलिपुत्र मेडिकल कॉलेज, धनबाद
मध्य प्रदेश	एम्स भोपाल	1	सरकारी मेडिकल कॉलेज, रीवा
		2	नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर
		3	जीआर मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर
		4	सरकारी मेडिकल कॉलेज, इंदौर
उत्तर प्रदेश	एम्स रायबरेली	1	एसजीपीजीआईएमएस, लखनऊ

राज्य	एम्स का नाम		**जीएमसी का नाम**
	एम्स गोरखपुर	2	ट्रॉमा सेंटर (टीसी), आईएमएस, बीएचयू, वाराणसी
		3	जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़
		4	सरकारी मेडिकल कॉलेज, झांसी
		5	सरकारी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर
		6	एमएलएन मेडिकल कॉलेज, इलाहाबाद
		7	एलएलआर मेडिकल कॉलेज, मेरठ
		8	सरकारी मेडिकल कॉलेज, आगरा
		9	सरकारी मेडिकल कॉलेज, कानपुर
		10	चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थान, बीएचयू, वाराणसी एसएसबी में
		11	चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थान, बीएचयू, वाराणसी आरआईओ में

*****